Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Issue regarding deteriorated condtiion of NH-21 and NH-8 in Bharatpur Parliamentary Constituency.

श्रीमती रंजीता कोली (**भरतपुर**): माननीय अध्यक्ष जी, अपने मुझे सदन में बोलने का मौका दिया, मैं इसका आभार व्यक्त करती हूं ।

मैं आपका ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र भरतपुर की सड़क संपर्क की समस्याओं की ओर आकर्षित करना चाहती हूं । एनएच-21 भरतपुर से वाया डीग, कामां, जुरहरा, हथीन, पलवल एनएच-2 तक सड़क की लंबाई 130 किलोमीटर है । इस सड़क की स्थिति बहुत खराब है । इस सड़क पर वाहनों का आवागमन बहुत ज्यादा है । मेवात क्षेत्र होने के कारण एमडीआर व एसएच बहुत खराब हैं । इस सड़क के बनने से पूरे क्षेत्र का दिल्ली से संपर्क आसान हो जाएगा । इसके साथ ही एनएच-8 बहरोड़ से वाया अलवर नगर, डीग, गोवर्धन, मथुरा एनएच-2 तक 160 किलोमीटर की सड़क धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण है । इस सड़क की स्थिति भी बहुत खराब है । मैं पहले भी कई बार इस समस्या को उठा चुकी हूं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है ।

मैं आपसे सदन के माध्यम से अनुरोध करना चाहती हूं कि इन दोनों सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग में सम्मिलित करें और इनका जीर्णोद्धार करवाएं ।

धन्यवाद ।